>

Title: Regarding rectification in Detailed Project Report (DPR) for construction of the section Maheshkunth-Simri-Bakhtiyarpur-Saharsa-Madhepura-Purnia of NH-107 and related maintenance and repair problem.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, बिहार के तीन लोक सभा क्षेत्र को जोड़ने वाली पथ एनएच-107 महेशखुंट-सिमरी-बख्तियारपुर-सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया के 177 किलोमीटर पथ का निर्माण ईपीसी मोड पर हो रहा है । जब एनएचएआई ने इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया तो डीपीआर में कई तरह की त्रुटियां सामने आईं, पूर्व के आरसीडी रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी मानक के अनुसार हुआ था लेकिन वर्तमान डीपीआर में उस सड़क को पूरी तरह से नहीं उखाड़कर उसके ऊपरी सतह में एक-दो लेयर में मेटल देकर उसे निर्माण कराने की योजना है । यदि उक्त पथ के डिजाइन में संशोधन नहीं किया जाएगा तो कुछ ही दिनों बाद पथ क्षतिग्रस्त हो जाएगा ।

स्थानीय समीक्षा बैठक में एनएचएआई के पदाधिकारी बताते हैं कि एसीओएस चेंज ऑफ स्कोप का प्रस्ताव छह महीने से मुख्यालय में लंबित है । पूर्व निर्मित पथ काफी जर्जर हो गया है । खासकर सहरसा-मधेपुरा जिला मुख्यालय के बीच की सड़क की स्थिति काफी दयनीय है ।

वह चलने लायक नहीं है । अगर समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो बरसात में आवाजाही बिल्कुल ठप्प हो जाएगी । निर्माणाधीन पथ के दोनों तरफ बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं, लेकिन इसकी चेतावनी के लिए कोई भी फ्लैग नहीं लगाया गया है । पथ पर काफी धूल उड़ती रहती है । इस पर पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है । इस पथ पर चलने वाले सभी लोगों को धूल के आगे कुछ दिखाई नहीं देता है और इस कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं । दुखद बात तो यह है कि पथ पर पेड़ की कटाई   और बिजली के खंभे हटाने का कार्य होना है, उसकी मंजूरी भी मुख्यालय नहीं दे रहा है ।

मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि एनएच-107 के डीपीआर में सुधार किया जाए। पथ के दोनों तरफ के गड्ढों पर चेतावनी फ्लैग लगाया जाए। पथ पर सुबह-शाम नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। माननीय मंत्री जी द्वारा एनएच मुख्यालय के सदस्य तकनीकी को स्वयं एनएच-107 का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया जाए।